पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

———————

लखनऊः 14 अगस्त, 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपने सभी प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि ये आजादी हमारे बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों के असाधारण बलिदानों से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान हमें अपनी स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों को कृतज्ञता के साथ संजोने की याद दिलाता है। आइए इस ऐतिहासिक दिन पर, हम एकता, न्याय, समानता और भाईचारे के मूल संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि करें और एक ऐसे दृढ़, प्रगतिशील एवम् समृद्ध आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें जो 'भारत' की समृद्ध सभ्यतागत लोकाचार का प्रतीक हो।'

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में बढ़—चढ़कर हिस्सा लेकर अभियान को सफल बनाने की प्रदेश वासियों से अपील की। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने घरों में तिरंगा फहराकर अपने देश की स्वतंत्रता और एकता को दर्शाएं तथा अपने देश के प्रति अपना सम्मान और गर्व प्रकट करें।

————————

संपर्क सूत्र :
कृष्ण कुमार—सूचना अधिकारी/राजभवन
मो0: 9454468250